हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

06 पारदीपुरा में मक्का की नीलामी से लगा भीषण जाम...



07 1 सितंबर 2016 के बाद जिले के 14 निकायों में ...






## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को श्रीमद्भगवद् गीता का संदेश समझाने के लिये ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये geetamahotsav.com पर ऑनलाइन आवेदन 15 नवम्बर तक जमा कराये जा सकते हैं। यह प्रतियोगिता 16 से 25 नवम्बर तक ऑनलाइन आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किये हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य गीता के उपदेशों से आत्मबोध और राष्ट्रबोध की दिशा में आगे बढ़ना है। प्रतियोगिता का आयोजन श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, इस्कॉन उज्जैन, विश्व गीता प्रतिष्ठानम्, गीता परिवार एवं अन्य विभिन्न शासकीय विभाग मिलकर कर रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को एक लाख रूपये की राशि, द्वितीय विजेता को 51 हजार रुपये तथा तीसरे नंबर पर आने वाले तीन विजेताओं को 31-31 हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही श्रेष्ठ विजेता को 15 लैपटॉप, 30 ई-बाइक भी प्रदान की जायेंगी। प्रतियोगिता में 11 से 25 वर्ष के प्रतिभागी विद्यार्थियों को 2 वर्ष के लिए शिक्षावृत्ति भी पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। इस प्रतियोगिता में कारावास बंदी भी शामिल हो सकेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह एक दिसंबर 2025 को उज्जैन में होगा।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण बीएलओ को दिए निर्देश

**सीहोर।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को शुजालपुर तहसीलदार राकेश खजुरिया ने शाजापुर जिले की कालापीपल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 169 के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 139 अमलाय, 145 डाबरी, 146 और 147 डुंगलाय, 148 मगरानिया और शुजालपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 259 जेठड़ा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर वितरित हो रहे गणना पत्रकों की जानकारी ली। बीएलओ एप पर दर्ज गणना पत्रकों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसआईआर कार्यों में तेजी लाने के लिए मार्गदर्शन किया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गतिविधियों के संचालन पर जोर दिया।

11 ब्लैक स्पॉट्स समाप्त करने की शर्त का भी पालन नहीं हुआ

# 80 लाख टोल कमाने वाली भोपाल-देवास रोड पर गड्ढों की मार, मेंटेनेंस ढीला, नोटिस जारी

एमपीआरडीसी के नियमों के मुताबिक, हर छह साल में कंपनी को सड़क का नवीनीकरण (renewal) करना होता है। परंतु कंपनी ने ऐसा नहीं किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश की सबसे अधिक कमाई वाली सड़क भोपाल-देवास फोरलेन इस समय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। रोजाना करीब 70 से 80 लाख रुपये का टोल वसूलने वाली यह सड़क गड्ढों और उखड़ी गिट्टियों से भरी पड़ी है। सीहोर से लेकर आष्टा के बीच खासकर कई जगह सड़क का डामर उखड़ गया है। नतीजतन दोपहिया वाहन सवार फिसल कर गिर रहे हैं और चारपहिया वाहनों के लिए यह मार्ग असुरक्षित हो चुका है। सड़क के दोनों किनारों पर शोल्डर न होने से बारिश में कीचड़ भर जाता है, जिससे कई बार वाहन फंस जाते हैं।


रिकॉर्ड के मुताबिक, कंपनी रोजाना लगभग 70 से 80 लाख रुपये का टोल एमपीआरडीसी को रिपोर्ट करती है। इसके बावजूद सड़क पर न तो समुचित मरम्मत हुई है और न ही सुरक्षा उपायों पर ध्यान दिया गया है। वर्ष 2010 में ₹426 करोड़ की लागत से बनी इस सड़क से अब तक ₹2,300 करोड़ से अधिक की टोल वसूली हो चुकी है। इसके बावजूद मेंटेनेंस पर खर्च नाममात्र रहा है। सवाल उठता है कि इतनी बड़ी कमाई के बाद भी सड़क क्यों टूटी-फूटी है?

### शौचालय सुविधा में भी लापरवाही

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हर टोल-प्लाज़ा पर सड़क के दोनों ओर सार्वजनिक शौचालय होना अनिवार्य है। लेकिन फंदा टोल-प्लाज़ा पर केवल एक दिशा में ही शौचालय बनाया गया है। यात्रियों को विपरीत दिशा में सुविधा न होने के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यह नियमों का उल्लंघन है और एमपीआरडीसी ने इस पर भी कंपनी से जवाब मांगा है।







### कंपनी को एमपीआरडीसी का नोटिस

भोपाल-देवास कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड जिसे इस मार्ग के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई है, पिछले दो-तीन साल से मेंटेनेंस नहीं कर रही है। सड़क के उखड़ने, ब्लैक स्पॉट्स खत्म न करने और संकेतक बोर्ड (साइनेज) न लगाने को लेकर एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने कंपनी को नोटिस जारी किया है। एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक भरत यादव के अनुसार, यदि कंपनी ने जल्द मरम्मत कार्य नहीं किया, तो अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

### मेंटेनेंस में कमी

एमपीआरडीसी के नियमों के मुताबिक, हर छह साल में कंपनी को सड़क का नवीनीकरण (renewal) करना होता है। परंतु कंपनी ने ऐसा नहीं किया। शुरुआती चार सालों में 7 लाख रुपये प्रति किलोमीटर की दर से 40 करोड़ खर्च करने थे, और पाँचवें साल में डामरीकरण पर 28 करोड़। पर यह कार्य अधूरा रहा। 11 ब्लैक स्पॉट्स समाप्त करने की शर्त का भी पालन नहीं हुआ। मेंटेनेंस फंड और प्रदर्शन गारंटी के रूप में रखे गए ₹13 करोड़ का उपयोग भी सवालों के घेरे में है।

### परेशान जनता बोली

स्थानीय लोग लसूड़िया परिहार और सीहोर के वाहन चालक, बताते हैं कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि दोपहिया वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं। बारिश में गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाएँ आम हो गई हैं। प्रताप सिंह बुंदेला जैसे नियमित यात्रियों का कहना है कि इतनी टोल वसूली के बावजूद यह सड़क अन्य राज्य मार्गों से भी बदतर है।

**टोल प्लाजा पर ऑपरेटिंग सिस्टम पूर्णतः** देवास–भोपाल राजमार्ग डिप्टी मेनेजर, टोल प्रबंधन प्राधिकरण उमाशंकर पांडे ने बताया कि सुचारू एवं कार्यशील है। टोल संचालन व्यवस्था सामान्य रूप से कार्यरत है।सभी लेन फास्टैग सुविधा से सुसज्जित हैं। समय -समय पर मार्ग पर मरम्मत कार्य भी किया जाता है। प्रति जन-जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

## किसानों ने डांडिया नाच कर सीएम का धन्यवाद सोयाबीन फसल के भुगतान पर जताया आभार



**सीहोर।** जिले के किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोयाबीन फसल का भुगतान सिंगल क्लिक से किसानों के खातों में ट्रांसफर किया, जिससे किसान बेहद खुश हुए। खुशी जताने के लिए किसानों ने डांडिया नृत्य कर उत्सव मनाया। यह आयोजन किसान और समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में किया गया। इसमें ग्राम चंदेरी, रामाखेड़ी, रलावती और क्लास कला के किसानों ने भाग लिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह भुगतान समय पर मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

**किसानों को मिला प्रति क्विंटल 1300 रुपये का भावांतर :** एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि किसानों को प्रति क्विंटल 1300 रुपये का भावांतर भुगतान मिला है। मंडी में फसल बिकने के बाद किसानों को अब कुल 5350 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ हुआ है। इस राहत राशि से गांव के किसान खुश हैं और उन्होंने इसे सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता बताया। किसानों ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए खराब हुई फसल की बीमा राशि भी जल्द दिलाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने यह राशि देवास से सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में भेजी, जिसके बाद सीहोर के किसान खुशी से झूम उठे।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सीहोर।** नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

## भैरव अष्टमी पर भंडारे का आयोजन विप्रजनों का लिया आशीर्वाद



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन भैरव मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ काल भैरव जी का जन्मोत्सव मनाया गया, रात्रि को महा आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया और इसके उपरांत यहां पर कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं के द्वारा समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय का सम्मान किया गया।

छावनी स्थित बड़ा बाजार-चरखा लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धालु समाजसेवी संजय सोनी और रामेश्वर सोनी के द्वारा यहां पर साफ-सफाई के अलावा नियमित रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा भैरव बाबा का भंडारा किया जाता है। आयोजन समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भैरव नामावली और भैरवाष्टक का पाठ आदि का आयोजन किया गया। काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। भगवान भैरव के बटुक भैरव, महाकाल भैरव और स्वर्णाकर्षण भैरव प्रमुख रूप हैं। इनमें से भक्त बटुक भैरव की ही सर्वाधिक पूजा करते हैं। तंत्रशास्त्र में अष्ट भैरव का उल्लेख भी मिलता है-असितांग भैरव, रूद्र भैरव, चंद्र भैरव, क्रोध भैरव, उन्मत भैरव, कपाल भैरव, भीषण भैरव और संहार भैरव। काल भैरव अष्टमी है और इस दिन भगवान शिव की आराधना की जाती है या भैरव मंदिर में जाकर भैरव की पूजा होती है। काल भैरव को भगवान शिव का अवतार बताया जाता है, जिन जातकों की कुंडली में राहु ग्रह बक्री चल रहा है या नकारात्मक फल दे रहा है तो इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए काल भैरव की आराधना करना चाहिए. भैरव की आराधना से साल भर के लिए लौकिक और पारलौकिक विघ्न टल जाने से साधक की आयु बढ़ेगी. साथ ही तांत्रिक प्रयोग भी नष्ट हो जाते हैं। भगवान शिव के दो रूप हैं भैरवनाथ और विश्वनाथ। पहला रूप भैरवनाथ का पापी, धर्मद्रोही और अपराधियों को दंड देने वाला है। दूसरा रूप विश्वनाथ जगत की रक्षा के लिए माना गया है। भैरव के दिन रविवार तथा मंगलवार माने जाते हैं।

### तीन तरह के गुण बताए गए हैं-सत्व, रज और तम

उन्होंने बताया कि शास्त्रों में कुल तीन तरह के गुण बताए गए हैं-सत्व, रज और तम। इन तीन गुणों से मिलकर ही सृष्टि की रचना हुई है। शिव जी इन तीनों गुणों के स्वामी हैं। शास्त्रों में अनेक भैरव बताए हैं। इन तीनों गुणों के अलग-अलग तीन भैरव बटुक, काल और आनंद हैं।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च आयोजित

# सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सांसद बोले- आतंकवादी, गुंडे-बदमाश समझ जाएं







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सीहोर में "यूनिटी मार्च " पदयात्रा आयोजित की गई। यह यात्रा आवासीय खेल परिसर से प्रारंभ हुई तथा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए लिसा टॉकीज चौराहे पर यात्रा का समापन हुआ।

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह पदयात्रा सरदार पटेल के एक भारत, अखंड भारत के अडिग विश्वास को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने सरदार पटेल का स्मरण करते हुए कहा कि आजादी के बाद देशी रियासतों का भारत में विलय कर पूरे देश को उन्होंने एक सूत्र में पिरोया है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को आने वाली पीढ़ी को बताना हमारा दायित्व है। सांसद श्री शर्मा ने भोपाल विलीनीकरण आंदोलन का उल्लेख करते हुए सरदार पटेल के योगदान के बारे मे बताया।




इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पदयात्रा के उद्देश्य और सरदार पटेल के योगदान के बारे में बताया। पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने राष्ट्रीय एकता तथा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया । यात्रा के समापन पर सभी ने नशामुक्त भारत बनाने की शपथ ली। पद यात्रा में पिछड़ वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, गौरव सन्नी महाजन, राजुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, एससीसी, स्काउट-गाइड, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**पद यात्रा यूनिटी मार्च :** आवासीय खेल परिसर भोपाल नाका से शुरू होकर इंग्लिश पुरा, कोतवाली चौराहा, मैन रोड बाजार क्षेत्र निकली तथा लीसा टाकीज चौराहे पर समापन हुआ। यात्रा मार्ग में जगह जगह बनाये गये मंचों से विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। आवासीय खेल परिसर में कन्या शिक्षा परिसर, शासकीय कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा संदीपनी विद्यालय की छात्राओं द्वारा पारंपरिक जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरते समूह नृत्य की प्रस्तुति दी।

## महाकाल दर्शन को निकली महिला के 26 हजार रुपए उड़ाए, सीहोर स्टेशन पर बदमाश ने रचा चालाकी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए सीहोर से परिवार के साथ उज्जैन आ रही महिला यात्री के पर्स में रखा रुपयों से भरा छोटा पर्स अज्ञात बदमाश सीहोर स्टेशन से चुरा ले गया। उन्होंने बुधवार शाम उज्जैन पहुंचने पर जीआरपी थाने में शिकायत की। पुलिस ने जीरो पर कायमी कर केस डायरी भोपाल जीआरपी को भेजी है।

सीहोर स्टेशन पर एक महिला यात्री के साथ हुई यह घटना हर यात्री के दिल में डर छोड़ गई। जीआरपी के मुताबिक छत्तीसगढ़ की रहने वाली देवश्री यादव अपने परिजनों के साथ सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा के आश्रम में दर्शन के लिए गई थी। वहां से भोपाल-दाहोद ट्रेन से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन जा रही थीं। भगवान महाकाल के दर्शन का उत्साह उनके चेहरे पर झलक रहा था, लेकिन भीड़भाड़ के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर उनका भरोसा तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार देवश्री यादव ने अपने हैंडबैग में एक गुलाबी रंग का छोटा पर्स रखा था, जिसमें करीब 26,000 रुपए नकद थे।

सीहोर स्टेशन पर ट्रेन रुकने के दौरान, भीड़ का फायदा उठाते हुए बदमाश ने बड़ी सफाई से पर्स की चेन खोली और छोटा पर्स चुरा लिया। कुछ देर बाद जब देवश्री ने अपना बैग देखा, तो चेन खुली थी और पर्स गायब था।

उज्जैन पहुंचने के बाद देवश्री यादव ने तुरंत जीआरपी थाने जाकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर जीरो पर कायमी करते हुए केस डायरी सीहोर जीआरपी को भेज दी है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और यात्रियों से पूछताछ कर रही है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।

खबर संक्षेप



## बाक्सिंग कोच आनंद ने गोल्ड के साथ दो सिल्वर हासिल किए

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर बाक्सिंग कोच आनंद पंसोरिया यहां पर आने वाले खिलाड़ियों खेल की बारीकियों के अलावा एक अच्छे खिलाड़ी है। उन्होंने मास्टर गेम्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के तत्वाधान में उज्जैन में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन पदक हासिल किए। इसमें एक गोल्ड और दो सिल्वर है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आनंद ने पावर लिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, एथेलिटिक्स 100 मीटर दौड़ में सिल्वर के अलावा आर्म रेसलिंग में सिल्वर हासिल किया है। विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी रुबिका धीमान, फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, अन्नू चौहान, आनंद उपाध्याय, दीपक गुरुवानी, अरुण राठौर, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आयुष गुप्ता आदि ने बधाई दी।

## जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश के स्कूलों में होंगे आयोजन



**सीहोर।** प्रदेश के स्कूलों में 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे। केन्द्र सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन देश की आजादी में संघर्ष करने वाले जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके योगदान के लिये स्मरण किया जायेगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। प्रदेश के स्कूलों में एक से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने विविध जनजातीय परंपराओं, जीवनशैली और संस्कृति विषय पर संगोष्ठी, लोक गायन, लोक कला के आयोजन किये। विद्यार्थियों को पखवाड़े के दौरान जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। उन्हें जनजातीय लोक नृत्यों की विभिन्न शैलियों के बारे में भी जानकारी दी गई। देश में भगवान बिरसा मुंडा की इस वर्ष 150वीं जयंती मनाई जा रही है।

### मंडी प्रशासन की लापरवाही से भोपाल मार्ग पर अराजकता, किसानों ने जताया आक्रोश

# पारदीपुरा में मक्का की नीलामी से लगा भीषण जाम किसान, बसें और एंबुलेंस एक घंटे तक फंसे रहे

जाम के चलते स्टेट बैंक से लेकर बस स्टैंड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। किसान, व्यापारी और नगरवासी सभी मंडी प्रशासन की अव्यवस्थाओं से परेशान दिखाई दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

पारदीपुरा स्थित नवीन कृषि ऊपज मंडी में गुरुवार को मक्का की नीलामी के दौरान जबरदस्त अव्यवस्था देखने को मिली। नीलामी प्रक्रिया पारदीपुरा में और तोल काटा नगर मंडी में तोल कार्य होने से दोपहर चार से पांच बजे तक भोपाल मार्ग पर एक घंटे लंबा जाम लग गया।

सैकड़ों किसानों की ट्रॉलियाँ और मालवाहक वाहन सड़क पर फंसे रहे। जाम इतना गंभीर था कि यात्री बसें और मरीज़ों की एंबुलेंस तक रास्ते में अटक गईं।

जाम के चलते स्टेट बैंक से लेकर बस स्टैंड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। किसान, व्यापारी और नगरवासी सभी मंडी प्रशासन की अव्यवस्थाओं से परेशान दिखाई दिए।

**दोहरी मार झेल रहे किसान:** नीलामी पारदीपुरा में, तोल काटा नगर में किसानों ने बताया कि प्रशासन ने नीलामी प्रक्रिया पारदीपुरा के नवीन मंडी प्रांगण में शुरू की है, जबकि तोल काटा नगर की पुरानी मंडी में रखा गया है। इससे किसानों को लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। एक तरफ मंडी तक पहुंचने में वक्त और खर्च बढ़ा, ऊपर से सड़क जाम ने हाल बेहाल कर दिए, किसानों ने कहा।



**भैरुंदा।** नगर की कृषि मंडी के मुख्य गेट से लेकर भोपाल मार्ग ओर बस स्टैंड तक एक घंटे लगा जाम

### व्यापारियों का कब्जा, किसानों को नहीं जगह

मंडी परिसर और शेड पर व्यापारियों का कब्जा कायम है। खरीदी गई ऊपज को वहीं रख छोड़ा गया है, जिससे किसानों को अपनी ट्रॉलियां ऊपज के ढेरों के ऊपर लगानी पड़ रही हैं। किसानों ने कहा कि कई बार समाचार प्रकाशित होने और शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद मंडी प्रशासन मौन है।

### किसानों की चेतावनी: व्यवस्था सुधारी नहीं तो करेंगे आंदोलन

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि नीलामी और तोल प्रक्रिया एक ही स्थान पर नहीं की गई और मंडी परिसर की सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से मंडी गेट पर धरना देंगे।

### मंडी प्रांगण में मिट्टी, अव्यवस्था और कब्जे

नवीन मंडी प्रांगण में वाहन मिट्टी में धंस रहे हैं। गुरुवार को एक किसान की ट्रॉली मक्का से भरी होने के बावजूद फंस गई, जिससे उसकी फसल ज़मीन पर बिखर गई। किसान खुद बिखरी मक्का समेटता रहा, और मंडी कर्मचारी तमाशबीन बने रहे। वहीं, एक अन्य किसान की ट्रॉली का डाला खुल जाने से करीब दो क्विंटल मक्का मिट्टी में मिल गई। किसानों ने आरोप लगाया कि नवीन मंडी में न तो सड़क दुरुस्त है और न ही शेड का सही उपयोग हो रहा है।



**भैरुंदा।** ज़मीन पर बिखरी मक्का को समेटा किसान

## नहीं मनाया भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने जन्मदिन, फोन पर दी सीएम, केंद्रीय मंत्रियों, मंत्रियों ने बधाई, शुभकामनाएं



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सीहोर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने अपने भाई पृथ्वीराज सिंह अरोरा के दुखद निधन एवं दिल्ली बम विस्फोट में मारे गए लोगों के शोक में अपना जन्मदिन नहीं मनाया। जन्मदिन के अवसर पर वे मोबाइल पर ही बधाइयां लेते रहें। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के मंत्री करण सिंह वर्मा, कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य मंत्रियों, सीहोर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित कई स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उन्हें मोबाइल पर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर भी दिनभर श्री अरोरा को बधाइयां आती रही। श्री अरोरा ने जन्मदिन पर बधाई देने वाले सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर को भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा का जन्मदिन आता है। इस दिन सीहोर नगर सहित सीहोर विधानसभा क्षेत्र में उनके समर्थक, प्रशंसक, कार्यकर्ता, मित्र मंडल धूमधाम से जन्मदिन मनाते हैं। जगह - जगह स्वागत, सत्कार होता है। लेकिन इस बार उन्होंने जन्मदिन नहीं मनाया।

## बिखरी गिट्टी से फिसले दंपती, महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुधवार शाम बिलकिसगंज से सीहोर जा रहे एक दंपती की बाइक ढाबला केलवाड़ी के पास फिसल गई। सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण हादसा हुआ। महिला को आंख के पास गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया, राजपूत ढाबे के पास सड़क पर गिट्टी पहले से बिखरी है। इसी वजह से पहले भी कई दोपहिया वाहन चालक गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया, यह मार्ग हाईवे निर्माणाधीन है। मुख्य सड़क होने के कारण ठेकेदार को सावधानी बरतनी चाहिए। सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है। जहां-जहां गिट्टी बिखरी है, वहां रोलर से समतल किया जाए या गिट्टी हटाई जाए। इससे हादसे रुक सकते हैं। घायल महिला का प्राथमिक इलाज गांव के डॉक्टर ने किया। ग्रामीणों ने कहा, सड़क से गुजरते समय धूल उड़ती है। दिन में राहगीरों को परेशानी होती है। सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाए, तो राहत मिलेगी।

## नवीन स्कूल के विद्यार्थियों ने भोपाल में किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शासकीय नवीन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण से पहले प्राचार्य चित्रलेखा मैडम ने एक अनोखी पहल की। उन्होंने विद्यालय के 65 विद्यार्थियों को निःशुल्क जूते पहनाए, जिससे सभी बच्चे एक जैसी यूनिफार्म में नज़र आए। इस पहल से विद्यार्थी उत्साहित और प्रसन्न दिखे।

गुरुवार प्रातः 6:30 बजे प्राचार्य चित्रलेखा मैडम ने बस को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को भोपाल के लिए रवाना किया। दल में 65 विद्यार्थी एवं 5 शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश स्टेट शूटिंग अकादमी में शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा आंचलिक विज्ञान केंद्र में विज्ञान के विविध विषयों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जनजातीय संग्रहालय, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, गुफा मंदिर और वीआईपी रोड का भी अवलोकन किया।

विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में समानता, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाना बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

## बिरसा मुंडा जयंती पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में गुरुवार को बिरसा मुंडा जयंती के 150वें वर्षगांठ के अवसर पर जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान पर चित्रकला, मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का महाविद्यालय में आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्र. प्राचार्य डॉ. शीलचन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न चित्रों, मेंहदी तथा रंगों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृति तथा जनजातीय गौरव को प्रदर्शित किया। अपनी कल्पनाशीलता से रंगों का प्रयोग करते हुए प्रतियोगियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में करीना मेवाड़ा, सलोनी मेवाड़ा, सुलोचना, पलक सरेठिया मयूरी कुशवाह, पलक शर्मा, नंदिनी विश्वकर्मा पूर्णिमा पगारे तथा माही शर्मा ने सहभागिता की। आयोजन समिति की संयोजक डॉ. ज्योति नेताम तथा डॉ. कमलेश अहिरवार ने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की कला की सराहना की। डॉ. तिमोथियस एक्का, डॉ. संजय पाण्डेय, डॉ. नीलम कुशवाह तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. देवेन्द्र कुमार वरवड़े के द्वारा किया गया तथा डॉ. तिमोथियस एक्का के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## नर्मदा पावन तट आंवलीघाट में शिव महापुराण का आयोजन



**रेहटी।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी प्रसिद्ध नर्मदा तट आवलीघाट पर स्थित श्री गुरुदेव दत्त कुटी उत्तर क्षेत्र में संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन होगा।

शिवमहापुराण कथा 26 नवंबर दिन बुधवार से प्रारंभ होगी, वहीं 4 दिसंबर गुरुवार को कथा की पूर्णाहुति होगी। इसी दिन यहां पर प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया है। गुरुदेव दत्त कुटी तीर्थ क्षेत्र आवलीघाट के महंत स्वामी जमनागिरी जी महाराज ने बताया कि शिव महापुराण का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक, राष्ट्रीय धर्माचार्य अर्जुनराम शास्त्री कान्हा महाराज द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष यहां पर श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी भव्य आयोजन होगा, जिसमें उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर श्री शिवमहापुराण कथा का श्रवण करें।

### जब गुरु का पढ़ाया हुआ ज्ञान शिष्य अपने जीवन में उतारता है, बड़ा बनता है : मुनिश्री

# शिक्षण जीवन का पवित्र संस्कार, जो हमें मानवतावादी सिद्धांतोंपर चलने सिखाता है : मुनिश्री अक्षय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



परस्परोपग्रहो जीवानाम अर्थात एक दूसरे के ऊपर उपकार करना प्रत्येक जीव का कर्तव्य होता है। जब गुरु शिष्य को पढ़ाते हैं तो शिष्य का कर्तव्य होता है कि जो गुरू ने पढ़ाया उसे अपने जीवन में उतारना। जब गुरु शिष्य को ज्ञान देकर बड़ा करता है अर्थात गुरु का शिष्य पर उपकार होता है। जब गुरु का पढ़ाया हुआ ज्ञान शिष्य अपने जीवन में उतारता है, बड़ा बनता है, गुरु का नाम रोशन करता है तब हुआ शिष्य का गुरु पर उपकार। इस प्रकार जीवों की भी एक दूसरे पर उपकार की परंपरा चलती रहती है।

उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान विस्तार से बताते हुए कहा कि भारतवर्ष में हम 'शिक्षक दिन' मनाते हैं किंतु 'विद्यार्थी दिन' कब मनाया जाता है? हाँ, युवा दिन मनाने की प्रथा जरुर है पर विद्यार्थी-दिन नहीं मनाते। पर आज सुबह मैं चिंतन कर रहा था कि मुझे मेरे स्कूली जीवन की याद आई। मैं विद्यालय में जब पढ़ता था तब विद्यालय में एक प्रथा थी कि वर्ष में एक दिन उंची कक्षा के छात्र-छात्राएँ छोटी कक्षाके छात्रों को पढ़ाते थे तब शिक्षक पीछे आकर बैठते थे। विद्यार्थी पढ़ाते और शिक्षक सुनते थे। आज भी यह परंपरा बराबर चल रही है। क्या, इसी दिन को हम 'विद्यार्थी-दिन' क्यों न माने? और इसी दिन 'परस्परोपग्रहो जीवानाम' का अर्थ सार्थक हो गया ऐसा माना जा सकता है। जब शिक्षक ही अच्छे नहीं होते अर्थात सांचा ही अच्छा नहीं होता तब प्रतिरूप भी अच्छा नहीं बन पाता। ऐसे गुरु का स्मरण कोई भी विद्यार्थी करता नहीं। क्यों कि इसका परिणाम भी बुरा होता है। कबीर ने कहा है- ऐसे गुरु-शिष्य जब एक दूसरे को मिल जाते हैं तो समझो दोनों का भी दुर्भाग्य है। दोनों की भी हानि-ही-हानि है। मुनिश्री ने आगे शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षण जीवन का पवित्र संस्कार है, जो हमें मानवतावादी सिद्धांतोंपर चलने को सिखाता है। प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षक के द्वारा कर्तव्य, नैतिकता, उदारता, सेवा, त्याग एवं समर्पण आदि मूल्यों की प्राप्ति होती हैं। इन्हीं मूल्यों के कारण विद्यार्थी आदर्शों की ओर अग्रेसर होता है। बहुत से छात्र इस ओर ध्यान नहीं देते। यह उनका दुर्भाग्य है। शिक्षा एक कला है और उस कला का शिक्षक कलाकार है। कलाकार की एक विशेषता होती है कि वह अशिव को शिव, असुंदर को सुंदर बनाता है तथा असीम शक्ति का उद्घाटन करता है। इसलिए गांधीजीने शिक्षा के संबंध में विचार प्रकट करते हुए कहा था कि, रमैं वास्तविक शिक्षा उसे कहूँगा-जिसका शरीर काबू में होता है, जिसकी बुद्धि निर्मल बन जाती है, जो शांत बनता है, जो न्याय-परायण होता है, जो बुरे आचरण को धिक्कारता है और जो नीति-न्याय के अनुसार चलता है। ऐसी शिक्षा को मैं प्राधान्य देता हूँ।

वर्तमान शिक्षा केवल ज्ञान का बोझ हो गई है। मस्तिष्क में ढेरों किताबों का ज्ञान दूँस लेने के कारण भारत के विद्यार्थी बिलकुल निकम्में बन गए हैं। आज की शिक्षा में चारित्र का विकास नहीं है। शिक्षा का उद्देश तो चारित्र निर्माण होता है।

किंतु आज न चारित्र का निर्माण हो रहा है और न मानवी मूल्यों का विकास हो रहा है। वर्तमान में पुस्तकी ज्ञान में गुणों का समावेश नहीं है और न गुणों का विकास है। नैतिकता, आध्यात्मिकता और मानवी मूल्यों का अभाव शिक्षा में दिखता है।ऐसे गुरु-शिष्य जब एक दूसरे को मिल जाते हैं तो समझो दोनों का भी दुर्भाग्य है। दोनों की भी हानि-ही-हानि है।

शिक्षण जीवन का पवित्र संस्कार है, जो हमें मानवतावादी सिद्धांतोंपर चलने को सिखाता है। प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षक के द्वारा कर्तव्य, नैतिकता, उदारता, सेवा, त्याग एवं समर्पण आदि मूल्यों की प्राप्ति होती हैं।

## रोटरी राइडर्स ने निकाली बाइक रैली एनवायरनमेंट, हेल्थ और पोलिया मुक्त अभियान के तहत कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा



**सीहोर।** बुधवार की देर शाम को आधा दर्जन से अधिक बाइक राइडर्स शहर के बस स्टैंड पर पहुंचे, जिनका रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेड क्रास सोसाइटी आदि के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रोटरी क्लब की पब्लिक इमेज को ओर सशक्त बनाने के मकसद से रोटरी राइडर्स बाइक पर सवार होकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा कर रहे है। इनका बस स्टैंड पर क्षेत्रवासियों ने सम्मान किया और बाइक रैली के रूप में एनवायरनमेंट, हेल्थ और पोलिया मुक्त अभियान के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों पर रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि भारत में भी पोलियो का टीकाकरण करने और जागरूकता फैलाने में रोटरी क्लब ने अहम भूमिका निभाई थी।

कई सालों से रोटरी क्लब के नेतृत्व में सेवाभावी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। भविष्य में भी सेवा, जागरूकता के अभियान चलाए जा रहे है। इसके अंतर्गत बुधवार की शाम को कश्मीर से कन्याकुमारी तक बाइक के माध्यम से रोटरी क्लब अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार की सुबह यह बाइक राइडर्स इंदौर के लिए रवाना होंगे। स्वागत के दौरान रेडक्रास के सचिव विपुल चांडक आदि शामिल थे।

### राजगढ़ नगर पालिका की तरह अन्य निकाय भी दैवभो को दिखाया जा रहा बाहर का रास्ता

# 1 सितंबर 2016 के बाद जिले के 14 निकायों में 844 दैवभो हुए हैं नियुक्त

## राजगढ़ नपा से हटाए 114 कर्मचारियों ने जाहिर किया अपना रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में 01 सितंबर 2016 के बाद विभिन्न निकायों में दैनिक वेतन भोगियों के रूप में पदस्थ किए गए कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। अकेले राजगढ़ निकाय में 114 कर्मचारी चिन्हित हुए जो दैवभो पद पर उक्त तिथि से राजगढ़ नगर पालिका में पदस्थ थे। राजगढ़ नगर पालिका की तरह ही जिले के अन्य 13 निकायों में भी 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त दैनिक वेतन भोगियों को हटाए जाने की तैयारियां चल रही हैं। राजगढ़ के बाद कुछ निकायों ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिले के समस्त 14 निकायों की बात करें तो 01 सितंबर 2016 के उपरान्त विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों ने पीआईसी से प्रस्ताव पारित करवाकर कुल 844 कर्मचारियों को दैवभो के पद पर नियुक्तियां दी हैं।

हालांकि, सभी 14 निकायों से कर्मचारियों को हटाए जाने के आदेश फिलहाल तक जारी नहीं हुए हैं पर उक्त संबंध में संपूर्ण जानकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को भेजी गई है। कुछ निकायों ने अपने यहां पदस्थ कर्मचारियों के संबंध में कलेक्टर कोर्ट में भी प्रकरण/दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हैं।




**01 सितंबर 2016 के बाद 14 निकायों में नियुक्त दैवभो**

| क्रं. | निकाय | दैवभो |
|---|---|---|
| 1. | राजगढ़ | 114 |
| 2. | खुजनेर | 00 |
| 3. | ब्यावरा | 70 |
| 4. | सुठालिया | 84 |
| 5. | न.सिंहगढ़ | 80 |
| 6. | बोड़ा | 30 |
| 7. | तलेन | 38 |
| 8. | सारंगपुर | 110 |
| 9. | पचोर | 70 |
| 10. | खिलचीपुर | 43 |
| 11. | जीरापुर | 66 |
| 12. | माचलपुर | 53 |
| 13. | छापीहेड़ा | 26 |
| 14. | कुरावर | 60 |
| कुल | | 844 |

### अन्य निकायों ने भी जारी किए आदेश

राजगढ़ के साथ ही जिले के कुछ अन्य निकायों ने भी अपने यहां 01 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों को हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि, कुछ निकायों ने जो जानकारी राजगढ़ मुख्यालय पर प्रस्तुत की है, उसके अनुसार वे निकाय समस्त कर्मचारियों को नहीं हटा रहे हैं बल्कि निकाय की आवश्यकतानुसार वे कुछ कर्मचारियों को रख रहे हैं वहीं कुछ को पद से हटा रहे हैं। एक ही जिले में इस तरह की विसंगति को लेकर राजगढ़ निकाय से हटाए गए 114 कर्मचारियों में खासा रोष व्याप्त है।



**राजगढ़ नपा ने 2016 के बाद लगे 114 कर्मचारियों को पद से हटाया**

**नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के निर्देश**

राजगढ़। शासन के निर्देशों पर राजगढ़ नगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त अपने सभी 114 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगर पालिका ने हटाए गए उक्त 114 कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की हैं। उक्त आदेश जारी होने के बाद हटाए गए कर्मचारियों में खलबली मची देखी गई।

उल्लेखनीय है ये सभी कर्मचारी विभिन्न परिषदों के दौरान दैनिक वेतन भोगी पद पर रखे गए थे। इन 114 में शामिल अनेकों कर्मचारी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में महत्त्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों में सलग्न हैं। नगरीय आवास एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में यह बड़ा कदम उठाया गया है। इतनी अत्यधिक संख्या में सालों से काम करने के बाद बाहर निकाले गए कर्मचारियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने अपने दफ्फर में उक्त सभी 114 कर्मियों की लिस्ट चस्पा की है।

#### कर्मचारी संघ पदाधिकारी बोले कार्रवाई विसंगतिपूर्ण

इस बारे में राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं नगरीय निकाय संघ के पदाधिकारी अशोक मेवाड़े का कहना है कि लगभग 10 साल से विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे कर्मचारियों को पद से अचानक हटाना बहुत गलत है। इसके साथ ही जिले के अन्य निकायों द्वारा विसंगतिपूर्ण कार्यवाहियां की जा रही हैं।

#### अब आगे क्या

गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा वर्ष 2000 में जारी सर्कुलर के अनुसार निकायों द्वारा किसी भी पद पर अपने स्तर से कोई नियुक्ति नहीं की जानी है। इसके बावजूद निकायों ने अपनी आवश्यकतानुसार परिषदों, पीआईसी से प्रस्ताव पास करवाकर दैवभो पद पर अनेकों कर्मचारियों को नियुक्तियां की हैं। अब देखना यह है कि उक्त मामला आगे जाकर कहीं न्यायालयीन प्रक्रियाओं में उलझ जाए।

### कांग्रेस पार्षद कलेक्टर से मिले, ज्ञापन सौंपा

## फिनाइल घोटाले की जांच की मांग हुई तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर परिषद सुठालिया में कांग्रेस पार्षदों द्वारा 32 लाख रुपए की फिनायल (कीटनाशक) घोटाले का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस की महिला पार्षद पूजा सिलावट द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी से फिनायल खरीदने की जानकारी मांगने व मुख्य नपाधिकारी द्वारा जानकारी नहीं देने व टालम टोल करने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसी पार्षद व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के बाहर धरना प्रदर्शन कर तालाबंदी की थी। वहीं बुधवार को इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं ब्लॉक अध्यक्ष मोहान लोधी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को घटना क्रम से अवगत कराया।

### निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

जिला कलेक्टर से मांग की गई कि नगर परिषद में हुए इस गंभीर भ्रष्टाचार प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि जनता के धन का दुरुपयोग न हो सके और पारदर्शिता बनी रहे। कांग्रेस पार्षदगण एवं कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ब्लाक अध्यक्ष मोहन लोधी छात्र नेता एलकार सोंधिया पार्षद प्रतिनिधि मिथुन सिलावट पार्षद गोकुल मोगिया रामबाबू कुशवाह मौजूद हैं। उल्लेखनीय हे कि बीते दो वर्षों से नगर परिषद में भ्रष्टाचार को लेकर लगातार कांग्रेसी पार्षद शिकायत की जा रही है कांग्रेसियों द्वारा बीते वर्ष दुकान नीलामी में बंदर वाट सहित नप अध्यक्ष के पुत्र द्वारा अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर आदि मामले भी उठा चुके हैं लेकिन किसी भी मामले में कार्यवाही नहीं होने से सभी कांग्रेस पार्षद लामबंद होकर बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, झपट्टा मारकर भागने वाले दो आरोपियों से 50 हजार नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जानकारी के मुताबिक 15 अक्टूबर को भैंस बाजार जीरापुर में फरियादी के साथ 60 हजार रुपए की झपट्टामारी हुई थी। फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया था। तत्पश्चात सघन पूछताछ एवं मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर द्वारा गठित टीम ने अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार रुपए नकद बरामद किए। आरोपी संदीप पिता रमेशचंद मोंगिया उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम वुडनपुर थाना सारंगपुर, कमलसिंह उर्फ रामनाथ पिता मुन्नालाल मोंगिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम वुडनपुर थाना सारंगपुर को गिरफ्तार किया गया।




### त्वरित निराकरण पर खनिज एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिली सराहना

## सीएम हेल्पलाइनः लापरवाही पर 3 तहसीलदारों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सतत रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील सुठालिया, खुजनेर एवं ब्यावरा को समाधान संबंधी शिकायतों का निराकरण न करने पर संबंधित तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी ऑपरेटर एवं विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करवाया जाए। उन्होंने कहा कि भावान्तर भुगतान योजना से जुड़ी सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से हल करें। बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारिता विभाग की लंबित शिकायतों पर भी असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खनिज विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है, उन्हें संभाग आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं भी कुछ शिकायतकर्ताओं से बात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपूर्ण निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

### अभियान के तहत घरों, दुकानों में चलित लैब से कर रहे दूध की जांच

## दूध के 44 सैंपलों में 1 में यूरिया, 3 सैंपल असामान्य, 18 में मिला पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मिलावट से मुक्ति के तहत 'दूध का दूध, पानी का पानी' अभियान अनवरत जारी है। अभियान के तहत भोपाल दुग्ध संघ की चलित लैब द्वारा विभिन्न शहरों के घरों, डेयरियों व दुकानों पर उपयोग किए जा रहे दूध एवं दूध निर्मित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच मौके पर ही की जा रही है।

बुधवार को राजगढ़ नगर के तिलक मार्ग पर दुग्ध संघ की उक्त चलित लैब द्वारा कुल 44 उपभोक्ताओं एवं विक्रेताओं से खुले दूध के कुल 44 सैंपल जांच हेतु लिए गए। इन 44 सैंपलों में से 18 में पानी की मिलावट पाई गई, वहीं एक सैंपल में यूरिया मिश्रित मिला व 3 सैंपल असामान्य पाए गए हैं। अभियान के दौरान भोपाल दुग्ध संघ की प्रभारी (ग्रामीण विपणन) सुश्री निधि सिंह राजपूत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री, पी.एस. ठाकुर (दल प्रभारी) एवं अन्य अमला उपस्थित रहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा खुले दूध के विक्रेताओं को अनिवार्यतः खाद्य पंजीयन कराने के लिए निर्देशित किया गया।

#### अपील-पाश्चुराईज्ड दूध का ही करें सेवन

दुग्ध संघ एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने समस्त उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए कहा कि केवल और केवल पाश्चुराइज्ड दूध का ही सेवन करें। बिना पाश्चुरीकृत दूध सेहत के लिए हानिकारक है। साथ ही सांची के लोकप्रिय उत्पाद जैसे - नमकीन मठा, मीठा दही और पनीर आदि का वितरण भी उपभोक्ताओं को किया गया।

### यातायात पुलिस की टीम कर रही कार्रवाई

## लापरवाह ड्राइविंग के खिलाफ सतत रूप से जारी है चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बढ़ते हादसों पर नियंत्रण के लिए यातायात पुलिस द्वारा अनवरत रूप से बगैर हेलमेट, बगैर निर्धारित दस्तावेजों एवं लापरवाह तरीके से ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ अनवरत कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा न केवल संबंधितों के चालान काटे जा रहे हैं बल्कि समझाइश भी दी जा रही है कि आपकी जिंदगी अकेले आपकी नहीं है। ऐसे में बगैर हेलमेट के सफर न करें।

इसी कड़ी में यातायात टीम प्रभारी इति शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय ब्यावरा नाका पर टीम के साथ मिलकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान रांग साइड से आने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए इसके साथ ही अपूर्ण दस्तावेजों एवं विभिन्न लापरवाहियों पर भी संबंधितों पर चालानी कार्यवाही की गई।

#### गलती के बाद भी लगवा रहे फोन

यातायात पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्यवाही के दौरान लापरवाही बरतने वालों के चालान काटने पर संबंधितों द्वारा रसूखदारों, नेताओं व अन्य से फोन भी लगवाए जा रहे हैं ताकि चालानी कार्यवाही से बचा जा सके। हालांकि, टीम द्वारा बगैर किसी दबाव के विभाग के नियमानुसार लापरवाह ड्राइविंग सहित अन्य कमियों पर सभी पर चालानी कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है।

### वेयरहाउस आउटसोर्स जांच के पाए गए दोषियों पर कब होगी कार्रवाई ?

कलेक्टर के आदेश के 1 महीने बाद की गई जांच में पाए गए कई कर्मचारी अनुपस्थित




ब्यावरा। नगर के वेयरहाउस में आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम पर की जा रही धांधली पर पर्दा डालने के कई प्रयास किए गए, परंतु जब कलेक्टर के आदेश पर जांच शुरू की गई तो जांच टीम ने भी कई आउटसोर्स कर्मचारियों को चिन्हित किया जो काम पर या तो आते ही नहीं थे या फिर कभी कभी आते थे परंतु अपना वेतन पूरा पाते थे। ऐसे में जिला प्रबंधक वेयरहाउस द्वारा जब जांच कि गई तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया और कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

#### जांच के बाद रीजनल मैनेजर ने किया दौरा

जैसे ही कई आउटसोर्स कर्मचारियों के बिना काम के वेतन लेने का मामला गर्माया और जांच में भी दोषी पाए गए तो फिर दो दिन बाद ही राजेश अग्रवाल रीजनल मैनेजर वेयरहाउस कार्पोरेशन ने अपना ब्यावरा वेयरहाउस दौरा किया। परंतु यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा की यह दौरा किस उद्देश्य से किया गया था क्योंकि उनसे बारबार फोन लगाने पर पर भी उत्तर नहीं मिल पाया।

## अक्टूबर में जिले से सेवानिवृत्त हुए 25 कर्मचारी, प्रदान किए पीपीओ



**राजगढ़।** अनेकों सालों तक शासकीय सेवा करने के उपरान्त रिटायर्ड होने वाले लोक सेवकों को उनकी पेंशन भुगतान, भविष्य निधि सहित अन्य देयकों के तुरंत भुगतान की पहल राजगढ़ जिले में शुरू हुई है। इसी कड़ी में गत अक्टूबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए कुल 25 कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को पीपीओ प्रदान किए।

इसके साथ ही सभी पेंशनरों का कलेक्टोरेट सभागार में शॉल एवं श्रीफल से अधिकारीगणों द्वारा सम्मान भी किया गया। अक्टूबर में जिले के कईं विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में लोक निर्माण पीआईयू राजगढ़ के मातादीन नापित, कंवरलाल करण, बीईओ नरसिहंगढ़ से अनिल कुमार मुल्हा, हरिनारायण कुम्भकार, यशोदा रघुवंशी, करण सिंह, बालाप्रसाद यादव, बीईओ राजगढ़ से धरनीधर शर्मा, महेन्द्र सिंह भदोरिया, गिरीश कुमार गुप्ता, हरिओम बैरागी, बीईओ सारंगपुर से मनोहर लाल कारपेटर, सिद्धनाथ नागर, बीईओ जीरापुर से रमेन्द्र कुमार मण्डलोई, मोहम्मद आरिफ खान, सिविल सर्जन राजगढ़ कार्यालय से नाथूसिहं झाला, विश्वास नईगांवकर, पुलिस विभाग राजगढ के वाहिद अली, होमगार्ड राजगढ़ से किशन खरे, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से सत्यप्रकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर कार्यालय से बाबुलाल मेढा तथा रजिस्ट्रार ऑफिस राजगढ़ के राजेश कुमार जैन शामिल हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे जिन्होंने रिटायर्ड कर्मियों को सम्मानित किया।

### पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव ने किया एसडीएम ऑफिस भवन का निरीक्षण

**नरसिंहगढ़।** पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने बुधवार को करोड़ों की लागत से बन रहे एसडीएम ऑफिस भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जांच हेतु रखे गए तीनों सैंपल फेल पाए गए, जिस पर प्रमुख सचिव ने अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार लगाई। उन्होंने घटिया निर्माण सामग्री, दरवाजों की चैखट, टाइल्स बिछाने में कमजोर क्वालिटी तथा गिट्टी के मानक पर खरा न उतरने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सिंह ने सीएम राइज स्कूल भवन में भी खराब निर्माण की शिकायतों पर जांच कर रिपोर्ट शाम तक प्रस्तुत करने को कहा। वहीं सिटी पोर्शन सड़क निर्माण के सैंपल भी जांच के लिए लैब भेजे गए। निरीक्षण के दौरान नियमित जांच न होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### 15 वर्ष तक निभाया ब्रह्मचर्य व्रत, 16 नवंबर को ग्रहण करेंगे छुल्लक दीक्षा

## दीक्षा पूर्व बिनौली यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अकोदिया नगर के प्रसिद्ध किराना व्यापारी ब्रह्मचारी रमेशचंद जैन के दीक्षा से पूर्व मंगलवार को सारंगपुर में भव्य बिनौली (दीक्षा पूर्व शोभायात्रा) एवं गोद भराई समारोह का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। वर्ष 2010 में आचार्य सुबल सागर महाराज के अकोदिया चातुर्मास के दौरान उनके प्रवचनों से प्रभावित होकर रमेशचंद जैन ने सांसारिक मोह-माया त्यागने और ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने का संकल्प लिया था। तब से वे पिछले 15 वर्षों से प्रतिमाधारी जीवन का पालन करते हुए पूर्ण संयम, अनुशासन और विनम्रता के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अब वे आगामी 16 नवंबर को ग्वालियर में आचार्य सुबल सागर महाराज के सान्निध्य में छुल्लक दीक्षा ग्रहण करेंगे।

### नगर में निकली भव्य बिनौली शोभायात्रा



सकल दिगंबर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर पहुंची। रथ पर दीक्षार्थी रमेशचंद जैन सवार थे। नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर समाजजनों ने उनका अभिनंदन किया।

#### गोद भराई व सम्मान समारोह आयोजित

महावीर दिगंबर जैन मंदिर में गोद भराई की पारंपरिक रस्म संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती प्रीति जैन ने मंगलाचरण से किया। समाज के पदाधिकारियों ने मालाएं एवं दुपट्टे पहनाकर दीक्षार्थी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने दीक्षार्थी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि रमेशचंद जैन का जन्म 1956 में अकोदिया निवासी राजमल जैन एवं शांति देवी के घर हुआ। आपने हायर सेकेंडरी तक शिक्षा प्राप्त की और लंबे समय तक किराना व्यापार किया। गृहस्थ जीवन में रहते हुए आपने तीन सिद्धचक्र मंडल महाविधान और एक त्रिलोक मंडल महाविधान जैसे वृहद धार्मिक आयोजन किए तथा आचार्य सुबल सागर महाराज के सम्मेदशिखर यात्रा संघपति भी रहे।

**खबर संक्षेप**

### कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 9 के पूर्व संचालित नहीं होगी

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिला अंतर्गत तापमान में अचानक आई गिरावट के कारण समस्त शासकीय /अशासकीय अनुदान प्राप्त/मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किए है कि जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाएं प्रातः 10 बजे एवं कक्षा 06 से 12वीं तक की कक्षाएं प्रातः 09 बजे से पूर्व संचालित नहीं की जाए।

### चिकित्सकों का मिलन समारोह आयोजित

**देवास।** एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी, सचिव डॉ. वरूण आनंद, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.सी.शर्मा, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. एम.एम. अग्रवाल, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. अरूण दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
डॉ. शाम्भवी देवकर ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस.दुबे ने बताया कि इस पारिवारिक मिलन समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। छोटे बच्चों द्वारा फेंसी ड्रेस में वीर शिवाजी, महारानी लक्ष्मीबाई, डोरेमान, नन्हीं परी आदि का स्वरूप धारण कर उपस्थितजनों को गुदगुदाया। युगल नृत्य में डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे ने तथा डॉ.सुलभा रानी, डॉ. पूनम भाटिया,
डॉ. ऋतुसिंह, डॉ. प्राची माहेश्वरी एवं डॉ. निशीथ गगरानी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, रश्मि गगरानी, टीना गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। डॉ. इदरदीप अरोरा एवं डॉ. पुनीत माहेश्वरी के निर्देशन में जयप्रीतसिंह अरोरा व उनके साथी बच्चों ने व्यंगात्मक नाटिका हमारा नम्बर कब आएगा प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को खूब हंसाया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में प्रशासन नजर आ रहा सक्रिय

# अनुविभागीय अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

बीएलओ से संवाद स्थापित कर उनके कार्य की समीक्षा की और समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की जानकारी संकलन का कार्य पूरे जोश के साथ जारी है। इस अभियान का संचालन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री नितिन कुमार टाले के नेतृत्व में किया जा रहा है, जबकि तहसीलदार आष्टा रामलाल पगारे क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी और प्रशिक्षण कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं। श्री टाले ने शहरी क्षेत्र के उन मतदान केंद्रों का दौरा किया, जहाँ मतदाताओं की संख्या अधिक है। उन्होंने बीएलओ से संवाद स्थापित कर उनके कार्य की समीक्षा की और समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अपने समक्ष बीएलओ एप पर गणना पत्रक की प्रविष्टि कराई, जिससे कार्य की सटीकता और गति सुनिश्चित हो सके। वहीं, तहसीलदार रामलाल पगारे ने कोठरी क्षेत्र में बीएलओ को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया और विभिन्न ग्रामों में जाकर उनके कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को फार्म भरने की प्रक्रिया, जानकारी सत्यापन और मोबाइल एप पर प्रविष्टि से संबंधित व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। श्री पगारे ने यह भी कहा कि बीएलओ निर्वाचन प्रणाली की रीढ़ हैं, अतः प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने कार्य में पूर्ण निष्ठा और सावधानी बरतनी चाहिए। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संकुल केंद्र महतवाड़ा, सिद्दीक़गंज, खामखेड़ा, खड़ीहाट, कन्या आष्टा, सेवदा, कोठरी एवं भंवरा में बीएलओ को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर्स श्री गौरव राठौर, श्री अशोक परमार, श्री जोश सैमुअल के साथ तकनीकी दल के सदस्य प्रेम नारायण श्रीवास्तव, दीपक सेन, मोहन मेवाड़ा, कुलदीप चौहान, प्रदीप गहलोत एवं विजय सेन की सक्रिय भूमिका रही। इसके साथ ही तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा ने अपने क्षेत्र के ग्राम भानाखेड़ी, बिलपान, गुराड़िया वर्मा आदि में बीएलओ कार्यों का निरीक्षण किया, वहीं नायब तहसीलदार श्री मुकेश सांवले ने भंवरा क्षेत्र में बीएलओ प्रशिक्षण एवं सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की। अनुविभागीय अधिकारी नितिन कुमार टाले ने कहा कि निर्वाचन कार्य जनता की भागीदारी से ही सफल हो सकता है। प्रत्येक बीएलओ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला कर्मयोगी है, इसलिए इस अभियान को पूर्ण पारदर्शिता और समर्पण के साथ संपन्न करें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सटीकता और विश्वसनीयता प्रत्येक नागरिक के सहयोग से सुनिश्चित होगी। प्रशासनिक टीम के इस समन्वित प्रयास से यह उम्मीद की जा रही है कि आगामी दो से तीन दिनों में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जाएगी।

# ग्राम सिंगारचोरी में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

### विधिक सेवाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत माननीय प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशन व विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, द्वारा गुरूवार को ग्राम पंचायत सिगारचोरी जनपद पंचायत आष्टा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। श्रीमती जैन द्वारा बताया कि कोई भी ऐसा व्यक्ति निःशुल्क विधिक सेवायें प्राप्त करता है जो कि निम्न श्रेणी के सभी व्यक्ति जिनकी आय सीमा के बंध के निःशुल्क विधिक सेवाए प्राप्त करने का अधिकार होता है। जो व्यक्ति अनुसूचितजाति जनजाति का सदस्य हो, ऐसे व्यक्ति जो लोगों के दुव्यवहार से पीड़ति है या जिससे बेगार कराया जा रहा हो। महिला या बाल हो, ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है या अन्याय असमर्थ है या निर्योग्य का तात्पर्य है अंधापन, कमजोर दिमागी रूप से बीमार आदि है एवं नालसा से जुड़ी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल युवा मंडल सदस्य ने किया। उक्त कार्यक्रम में युवा मंडल सदस्य लखन वैद्य, संतोष रघुवंशी, संजय फूलवान सहायक सचिव कुतुबुद्दीन अली सरपंच एवं अन्य ग्रामीणवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव अमर सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ ने किया आभार व्यक्त



**देवास।** पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भगवान स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग म.प्र. शासन भोपाल से भारतीय मजदूर संघ एवं म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ की संयुक्त बैठक में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के कुशल नेतृत्व में एवं म.प्र.बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा सघन मांग वार्ता के बाद म.प्र. शासन द्वारा विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानजनक वृद्धि के साथ फ्रिंज बेनिफिट की घोषणा एवं सेवानिवृत्ति के अवसर पर जो सम्मान विद्युत कर्मियों को मिलता था उसे पुनः लागू कर विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कंपनी की तरफ से प्रशस्ति पत्र एवं राशि 3000 रुपए तक की एक हाथ घड़ी के साथ सम्मान किया जावेगा, से संबंधित आदेश शासन द्वारा जारी कर दिए गए है। पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री म.प्र. शासन, ऊर्जा मंत्री म.प्र. शासन, अतिरिक्त ऊर्जा सचिव एवं आदेश जारी कराने में सर्वोपरि भूमिका निभाने वाले अग्रणी भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं म.प्र.बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय को बहुत-बहुत आभार, धन्यवाद, साधुवाद, वंदन, अभिनन्दन दिया।

### मान्यता नवीनीकरण के लिए 15 तक करें आवेदन

**देवास।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा वर्ष 2026-27 की नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने हेतु पोर्टल खोला गया है, जिसकी अंतिम 15 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के नवीन मान्यमता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यमिक वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

# कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का संचेती ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गहलोत से सीहोर जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने नागदा पहुंच कर सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर जिला भाजपा की ओर से स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर संचेती के पारिवारिक सदस्य भी साथ थे।

# पुलिस बनकर महिला से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में पुलिस ने एक महिला से सोने की चेन ठगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 जुलाई 2025 की है, जब महिला जैन मंदिर से घर लौट रही थीं। रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर महिला को रोका और कहा कि शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, इसलिए गहने उतारना जरूरी है। महिला उनके झांसे में आ गई और उन्होंने उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर नाहर दरवाजा थाने में मामला दर्ज किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंजु यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की पहचान के सुराग मिले। विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने असदुल्लाह जाफरी उर्फ असदु (55 वर्ष) को भोपाल के नादरा बस स्टैंड के पास ईरानी डेरा, थाना हनुमानगंज से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से लगभग 3 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन बरामद की गई है।गिरफ्तार आरोपी असदुल्लाह जाफरी पिता मसल्ला जाफरी, मूल रूप से ग्राम लोनी कालबोर पटेरी बस्ती, जिला पुणे देहात (महाराष्ट्र) का निवासी है और फिलहाल भोपाल में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# न्यायोत्सव के तहत किर्लोस्कर कंपनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में बुधवार को न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 की कार्य योजना के अनुसार दोपहर 2 बजे किर्लोस्कर कंपनी देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश देवास एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास उपस्थित हुए।

उक्त शिविर में अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश देवास ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी एवं यातायात नियमों के प्रति भी कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने भी निःशुल्क विधिक सहायता एवं एवं विधिक सहायता हेतु पात्र व्यक्तियों के बारे में भी उपस्थित कंपनी के श्रमिकों को जानकारी देकर जागरूक किया। अतः उक्त शिविर में कंपनी प्रबंधक राजेश घाघरे, मनोज जोशी श्रम कल्याण अधिकारी, विश्राम लेले प्लांट हेड एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक नाईक सहित कंपनी के श्रमिकगण उपस्थित रहे। अतः कंपनी प्रबंधक राजेश घाघरे ने आभार व्यक्त किया।

### भौरासा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी

# दो दशकों से छात्रों को राजनीतिक विज्ञान विषय के शिक्षक का इंतजार






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर भौरासा के श्री हरि भाऊ उपाध्याय शासकीय बालक उच्च. माध्यमिक विद्यालय में एक बार फिर शिक्षकों की कमी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय में लगभग दो दशक से राजनीति विज्ञान विषय का उच्च प्रभार का पद रिक्त था। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) देवास के आदेश पर पीपलरांवा के शिक्षक मुन्नालाल अंगोरिया को इस पद पर पदस्थ किया गया था। अंगोरिया ने 13 अगस्त 2024 को भौरासा विद्यालय में कार्यभार ग्रहण भी कर लिया था, लेकिन मात्र दो सप्ताह बाद 29 अगस्त से उन्होंने विद्यालय आना बंद कर दिया।

### 20 वर्षों बाद मिला शिक्षक फिर हुआ तबादला




स्थानीय शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि यह निर्णय भौरासा के विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। लगभग 20–22 वर्षों बाद जब भौरासा नगर के विद्यालय को राजनीति विज्ञान विषय का शिक्षक मिला था, तो बच्चों में खुशी थी, लेकिन कुछ ही दिनों में उन्हें वापस भेज देने से भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है।

### क्या शिक्षा व्यवस्था दबाव में?

स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि अगर पीपलरांवा के बच्चों के लिए दबाव बन सकता है, तो क्या भौरासा के बच्चे शिक्षा से वंचित रहेंगे? लोगों का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे जिले के विद्यार्थियों के हित में समान रूप से निर्णय लेना चाहिए, न कि किसी के दबाव में। इस मामले में जब सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी। भौरासा के विद्यार्थी और अभिभावक अब जिला प्रशासन से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही शिक्षक की नियुक्ति कर बच्चों की पढ़ाई को सही दिशा दी जाएगी। वहीं यह मामला यह भी उजागर करता है कि शिक्षा विभाग में दबाव की राजनीति किस तरह बच्चों के भविष्य पर असर डाल रही है।

# बलवा व मारपीट करने वाले 9 आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

थाना कमलापुर पर 9 नवंबर को फरियादी धर्मेंद्र एवं उसके पिता इंदर सिंह के साथ जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम अर्गुली में जमीनी रंजिश के चलते आरोपी कुंदन पिता जसपाल सिंह सेंधव, कृष्णपाल सिंह पिता जसपाल सिंह सेंधव, अर्जुन पिता धन सिंह सेंधव, दीपक पिता कृपाल सिंह सेंधव, कृष्णपाल सिंह उर्फ गोलू पिता राजेंद्र सिंह सेंधव, गजराज सिंह पिता जगन्नाथ सिंह सेंधव, धर्मेंद्र पिता मोहन सिंह सेंधव, राजेंद्र उर्फ भोला पिता गुलाब सिंह सेंधव और अमन पिता अनूप सिंह के द्वारा लाठी-डंडों से लैस होकर सामूहिक रूप से फरियादी के साथ मारपीट की गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार को सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। मामले को लेकर फरियादी के परिजनों ने एसपी को शिकायत कर उचित कार्रवाई कि मांग करते हुए, सुरक्षा की मांग की। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा, प्रआर अरुण आर्य, प्रमोद मेहना, आर अरुण वर्मा, सैनिक विष्णु सोनी की सराहनीय भूमिका रही